वर्ष : 1, अंक: 96 इंदौर, बुधवार 12 मार्च 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

DIGITAL EDITION

## कब्जा

## सिलिकॉन सिटी में आश्रम के नाम से कर लिया पूरे गार्डन पे कब्जा रहवासी पहुंचे कलेक्टर कार्यालय एवं बच्चे गार्डन में खेलने के लिए मोहताज




कब्जा





**रंजीत टाइम्स » आदित्य शर्मा (सह.संपादक)**


इंदौर। सिलिकॉन सिटी में एक गार्डन है 17 से 18 मल्टी के लोग रहते उसमें छै सो से सात सो परिवार रहते हे जो उस परिवार के बच्चे उस गार्डन में खेलते थे बुजुर्ग बैठते थे लेकिन कुछ समय से एक महिला ज्योति कुमारी प्रजापति जो कि ब्रह्म कुमारी आश्रम चलाती है इस महिला ने उस गार्डन में योग करने का परमिशन लिया योगा करने के बाद उसने एक कमरा वहा पर बना लिया कि मैं यहां पर अपना छोटा-मोटा सामान रखूंगी योग से संबंधित फिर उस महिला ने पूरे गार्डन पर कब्जा कर लिया जिसे हटाने में पूरे मल्टी के लोग जो की वहां निवास करते हैं उन सब का पसीना निकल गया लेकिन यह ज्योति कुमारी प्रजापति को हटा नहीं पा रहे हैं इस महिला के ऊपर किसी राजनीतिक व्यक्ति का हाथ है इन्होंने थाने में भी आवेदन दिया कलेक्टर कार्यालय में भी आवेदन दे दिया सब जगह से आश्वासन मिल रहा है लेकिन इस ज्योति प्रजापति के खिलाफ कोई भी एक्शन नहीं लिया जा रहा है जिससे मल्टी वाले काफी परेशान है।



















# धर्म गुरु का संदेश

## रमज़ान में मानवता की सेवा के मूल्यों को मिलता हैं बढ़ावा

### सर्वधर्म संघ द्वारा मस्जिदों के इमाम और हाफिज साहेबान का किया सम्मान कर पेश किए तोहफे

**रंजीत टाइम्स » आदित्य शर्मा**

इंदौर। रहमत व बरकत वाले पाक (पवित्र) ,महीने रमजान में भाईचारे व सौहार्द की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। प्रिंस यशवंत रोड़ पर मस्जिदों के इमाम और हाफिज़ो का सम्मान मोतियों की माला ओर साफ़ा पहना कर हिन्दू मुस्लिम धर्म प्रमुखों के हाथों हुआ। प्रिंस यशवंत रोड़ स्थित सर्वधर्म संघ दफ्तर पर मुख्य अतिथि शहर क़ाज़ी डॉक्टर इशरत अली और नरसिंह टेकरी के स्वामी वर्धानंद महाराज ने मस्जिदों के इमाम और हफीज़ो का सम्मान एक साथ कर बता दिया कि देश को ऐसी ही एकता व भाईचारे की ज़रूरत है। धर्मगुरुओं ने संदेश दिया कि रमज़ान के पवित्र दिनों में रोज़ा से मानवता की सेवा, नेक कार्यों का जज़्बा, सहनशीलता आदि मूल्यों को बढ़ावा मिलता है।



अध्यक्ष मंज़ूर बेग ने बताया सालभर समाज के लोगों को अपने प्रवचन से सही दिशा दिखाने वाले धर्मगुरुओं के सम्मान से ही समाज का मान बढ़ता है। मंज़ूर बेग ने कहा मस्जिदों में प्रतिदिन पांच वक़्त नमाज़ पढ़ाने वाले पेश इमाम, हाफ़िज़ साहेबान महीने भर क़ुरआन सुनाने के साथ देश की खुशहाली के लिए दुआ करते हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष रियाज़ खान, मोहम्मद अकबर, सूफी माहिर वारसी बाबा, सोहेल पठान, ज़ाकिर खान, अकबर क़ाज़ी, धर्मेंद्र पैमाल, गोलू शेख, सरफराज खान, ज़फ़र खान, फेज़ान बैग, समीर बेग, युनुस खान, रवीश पचौरी फहीम खान, शकील खान हकीम बाबा, सतीश शर्मा अमिल चौधरी,भी मौजूद थे।

#### इनका किया सम्मान

इस अवसर पर फातिमा मस्जिद के हाफ़िज़ मो नदीम रज़वी, ख्वाजा उस्मान हारूनी कमेटी के अध्यक्ष मास्टर सलीम लाईक, हरसिद्धि मस्जिद के हाफ़िज़ फ़ज़ल अहमद रज़वी, जेल रोड मस्जिद के हाफ़िज़ ज़मीर साहब, कबूतरखना मस्जिद के हाफ़िज़ तौकीर रजा, नूरानी नगर फरीदी मस्जिद के मोहम्मद सिराज, ताजी कुंअर मस्जिद जवाहर मार्ग के मौलाना आज़म क़ादरी, हाफ़िज़ अब्दुल शकूर, पक्की मस्जिद कोयला बाखल के मोहम्मद सरफराज, बरकत मस्जिद गीता पैलेस हाफिज मोहम्मद इदरीस, मोहज़िन साहे आजम, मस्जिद ए हसन राधा लक्ष्मी नगर के हाफिज मोहम्मद अनीस,मौलाना मोइन उद्दीन मौजिन अब्दुल अजीज, अब्दुल लतीफ, अब्दुल रशीद, अब्दुल शकूल, अब्दुल रजाक आदि को तोहफे और नगद नज़राना पेश कर इस्तक़बाल किया गया। सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंज़ूर बेग द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मस्जिद के इमाम व ख़िदमतगारों को नज़राना दिया गया।







## सिंहासा पंचायत में सरपंच और उपसरपंच के सहयोग से बच्चों के लिए बनवाया गया क्रिकेट ग्राउंड

ग्राम पंचायत सिंहासा में क्रिकेट मैच ग्राउंड हुआ तैयार जिसमें मुख्य रूप से सरपंच नारायण सिंह चौहान उपसरपंच अर्जुन भीम सिंह राठौड़ और मुख्य कार्यकर्ता सोनू प्रधान जी का सहयोग रहा जिससे गांव के बच्चो को आगे बढ़ाने और क्रिकेट दौड़ प्रतियोगिता के लिए मोका मिले एवं अपने देश प्रदेश एवं गांव का नाम रोशन करे।





# पति की मृत्यु के बाद सविता शर्मा काट रही अपने हक के लिए दफ्तरों के चक्कर

## एवं बेटियां कर रही अपने हक के लिए इंतजार

**रंजीत टाइम्स**


सविता शर्मा ने बताया कि मेरे पति की मृत्यु के बाद मेरी सास आशा शर्मा और मेरी ननंद ने मेरे मकान पर कब्जा कर लिया में मेरे परिवार में भाइयों के घर गई थी।

उस दौरान मेरी सास आशा शर्मा ने मेरे घर का समान रख लिया और मुझे घर में नहीं आने दिया मैंने हर जगह आवेदन दिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत करी कलेक्टर में भी आवेदन दिया मुझे आज कलेक्टर कार्यालय में जी 12 में भेजा गया मगर यहां से भी मुझे केवल आश्वासन ही दिया है मैं अपनी दो बेटी को लेकर दर-दर भटक रही हूं कोई भी सहायता करने वाला नहीं है मेरी शासन प्रशासन से गुहार है कि मुझे जल्द से जल्द इंसाफ दिलाया जाए कलेक्टर जी 12 में आज मुझे एक हाई कोर्ट का नोटिस दिया गया जो कि मेरी सास आशा शर्मा द्वारा दिया गया।







# पंचवटी कॉलोनी में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक मनाया फाग उत्सव



**राजेश धाकड़**

इंदौर। पंचवटी कॉलोनी की मातृशक्ति द्वारा हर्षोल्लास के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में महिलाओं ने ऑर्गेनिक रंगों एवं फूलों से होली खेली, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

राधा-कृष्ण के नृत्य ने मोहा मन- कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण के मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य से हुई, जिसने सभी को भक्ति और आनंद के रंग में रंग दिया। इसके बाद महिलाओं ने नृत्य-संगीत, पारंपरिक फाग गीतों एवं होली के रंगों के साथ उत्सव को जीवंत बना दिया।

स्नेह और सौहार्द का संगम- इस आयोजन के दौरान सभी महिलाओं ने धूमधाम से नृत्य एवं गान का आनंद लिया। इसके पश्चात स्वल्पाहार का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त- फाग उत्सव को सफल बनाने में नीतू शिवहरे, साधना नीमा एवं मोनिका पटेल की विशेष भूमिका रही। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए पारंपरिक उत्सवों को इसी प्रकार सौहार्द और उल्लास के साथ मनाने का आग्रह किया। इस आयोजन ने संस्कृति, परंपरा और आपसी सद्भावना को सशक्त किया, जिससे महिलाओं के बीच सामूहिक एकता और सौहार्द का संदेश भी प्रसारित हुआ।

# बड़ी लापरवाही !

## इंदौर में कलेक्टर ने 9 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को दी हिदायत

प्रवेश सिंह

इंदौर। सरकार भले ही बदलती रहती है मगर सरकारी दफ्तरों में काम करने का तरीका बदलना काफी मुश्किल हो जाता है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रभार वाले जिले इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह ने समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण नहीं करने वाले 9 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई की है. इन पर पेनाल्टी लगाई गई है। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि इंदौर में नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण समय सीमा पर निराकरण किया जाने के संबंध में कई बार बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है. इसके बावजूद समय सीमा में 9 तहसीलदार और नायब तहसीलदार 44 प्रकरणों में लापरवाही बरत रहे थे इसी को दृष्टिगत रखते हुए सभी को पेनाल्टी लगाई गई है. इसके अलावा एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ अमल पर नियंत्रण रखें ताकि इस प्रकार की लापरवाही आगे देखने को ना मिले. कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि अधिकारियों पर पेनाल्टी लगाते हुए उन्हें हिदायत दी गई है कि आगे ऐसी लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर जिन तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें तहसीलदार कनाडिया, खुडेल, बिचोली हैप्पी, हातोद, अपर तहसीलदर जून इंदौर, नायब तहसीलदार खुडेल, देपालपुर, हातोद और गौतमपुरा शामिल है. सभी पर अर्थदण्ड भी लगाया गया है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रभार वाले जिलों इंदौर में राजस्व संबंधी प्रकरणों में ऐसी लापरवाही देखने को मिली कि कलेक्टर को काम करवाने के लिए अधिकारियों पर अर्थ दंड लगाना पड़ा है. ऐसी स्थिति में स्पष्ट है कि लोगों को अपना काम करवाने में कितनी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

# भाजपा नेता और पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह मम्मा का निधन, भोपाल मध्य से रहे MLA



भोपाल। (रवि सिंह)

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से जुड़ी एक दुखद खबर आई है। भाजपा नेता और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह मम्मा का मंगलवार सुबह चार बजे निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार थे। उनकी हाल ही में हार्ट सर्जरी हुई थी, लेकिन उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। सुरेन्द्र नाथ सिंह मम्मा भोपाल की मध्य विधानसभा सीट से विधायक रहे थे। इसके अलावा वह भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और भोपाल भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके थे। उनके निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है।

## भोपाल में दिल्ली एनआईए टीम का एक्शन, संदिग्ध पकड़ाया, गन-कारतूस बरामद

रवि सिंह

**भोपाल मध्य प्रदेश के राजधानी भोपाल में दिल्ली एनआईए की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है शहर के अशोका गार्डन इलाके से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया है. टीम को मौके से बड़ी संख्या में हथियार और कारसूत बरामद किया गया है. बताया जा रहा है कि दिल्ली से एनआईए की टीम अचानक भोपाल पहुंची. फिर कार्रवाई करते हुए टीम ने अशोका गार्डन इलाके से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है बताया जा रहा है कि संदिग्ध युवक लंबे वक्त से भोपाल में रह रहा था. NIA की टीम ने युवक के कमरे से 3 गन और कारतूस बरामद किया है. संदिग्ध युवक पिछले 4 महीने से यहीं रह रहा था. वो कभी-कभी ही अपने रूम में आया करता था।**

## ईडी की गाड़ी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोड़ा, केस दर्ज

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास और अन्य परिसरों पर तलाशी ईडी लेने पहुंची. इस दौरान जांच अधिकारियों की कार को कथित तौर पर रोकने और उसकी खिड़की तोड़ने वाले 15-20 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. अधिकारियों के वाहन के साथ यह घटना सोमवार शाम करीब 4.30 बजे हुई, जब वे तलाशी के बाद पूर्व सीएम के घर से बाहर निकल रहे थे. ईडी ने भिलाई में बघेल और उनके बेटे चैतन्य के आवास समेत 14 स्थानों पर छापेमारी की किराए पर ली गई गाड़ी के ड्राइवर ने शिकायत में लिखा है, "किसी तरह पुलिस बल की मदद से गाड़ी को धीरे-धीरे बाहर निकाला गया. इस दौरान एक व्यक्ति ने पत्थर फेंककर गाड़ी के ड्राइवर साइड के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया इस घटना से मैं काफी डरा हुआ हूं मामले में कार्रवाई होनी चाहिए." शिकायत के आधार पर, बीएनएस धारा 191 (2) (दंगा), 190 (अवैध सभा), 221 (लोक सेवक को उसके कर्तव्यों के निर्वहन से रोकना), 132 (लोक सेवक को उसके कर्तव्यों के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), और 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), साथ ही सार्वजनिक संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की धारा 3 (सार्वजनिक संपत्ति को विकृत करने के लिए सजा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एमपी के विधायक जी ने सदन में पूछा ऐसा सवाल कि जवाब देने में छूट गए अधिकारियों के पसीने

प्रवेश सिंह

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अधिकारियों के पसीने उस वक्त छूट गए। जब कांग्रेस विधायक के एक सवाल का जवाब तैयार करना था। पूर्व मंत्री और विधायक बाला बच्चा ने फूड एवं न्यूट्रीशियन सिक्योरिटी को लेकर सवाल पूछा था। जिसका जवाब देने के लिए अधिकारियों ने 7 बंडल का जवाब तैयार किया। जिसका वजन लगभग 50 किलो है।

### पूर्व मंत्री और विधायक ने पूछा था सवाल

पूर्व मंत्री और विधायक बाला बच्चन ने सवाल पूछा था कि फूड एवं न्यूट्रीशियन सिक्योरिटी के तहत पिछले चार सालों में कितने जिलों में, कितने किसानों को 100 रुपए से 2 हजार रुपए तक की भुगतान राशि दी गई है। इसके लिए हितग्राहियों के नाम, पता, प्रदान की गई राशि, बैंक का नाम सहित पूरी जानकारी मांगी गई थी।

### पौने दो लाख कागजों की फोटोकॉपी में दिया जवाब

बाला बच्चन ने साथ ही एक और सवाल पूछा कि चार सालों में हितग्राहियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए बिल की फोटोकॉपी विधानसभावार और जिलेवार दी जाए। क्योंकि कई मामलों में राशि प्रस्तुत किए गए बिलों के अनुसार बैंक अकाउंट में न देकर नगर दी गई। इसकी जानकारी विधानसभावार मांगी गई है। विधायक के सवाल तैयार करने के लिए अधिकारियों को पौने 2 लाख कागजों की फोटोकॉपी कराकर जवाब दिया गया है।

# विधानसभा में 'सांप' लेकर पहुंचे कांग्रेस विधायक?

प्रवेश सिंह,



भोपाल । मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों ने विरोध करने का एक अलग तरीका निकाला. वो इस बार विधायक के रूप में नहीं बल्कि सपेरों की तरह हाथों में सांप लिए हुए दिखाई दिए. विधायकों ने टोकरी में सांप लेकर रखा था. टोकरी में एक पट्टी में लिखा था कि ये भाजपा सरकार का सांप है।

उन्होंने युवाओं के बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार पर युवाओं को डसने का आरोप लगाया. कांग्रेस विधायकों ने कहा कि सरकार सांप है जो युवाओं के भविष्य को डस रही है. जब कांग्रेस विधायकों ने सांप का पिटारा विधानसभा में लेकर गए तो भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में बहुत सारे आस्तीन के सांप हैं. कांग्रेस के नेता एक दूसरे को डस रहे हैं. जीतू पटवारी उमंग सिंगार को डस रहे हैं उमंग सिंगार दिग्विजय सिंह को डस रहे हैं दिग्विजय सिंह किसी और को डस रहे हैं कांग्रेस के नेताओं की मांग है कि बेरोजगार युवाओं को राज्य में नौकरियां दी जाएं. कांग्रेस के नेता ऐसे पोस्टर लेकर खड़े थे, जिसमें लिखा था कि राज्यपाल के अभिभाषण में युवा ठगा गया।

बेरोजगार युवा नौकरी का इंतजार कर रहा है. कांग्रेस के भाजपा सरकार से मांग की है कि या तो रोजगार दो या फि अपने पद से इस्तीफा दो. एक कांग्रेस नेता ने कहा कि बीजेपी किसानों ओर महिलाओं को भिखारी मानती है और ये लोग कहते हैं कि ऐसे लोग हमारे यहां खड़े रहते हैं. मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या जब ये वोट मांगने जाते हैं तब इन्हें महिलाएं और किसान भिखारी नहीं लगते हैं?

# शेरगढ़ गांव में 8 महिलाओं से लाखों की ठगी

## विश्वास जीतकर अज्ञात महिला साफ करने के बहाने ले भागी 10 लाख के जेवरात

**ऋषि गोस्वामी**



शिवपुरी जिले के नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ में एक अज्ञात महिला द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आभूषण साफ करने के बहाने ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। ठगी की शिकार महिलाओं ने थाना नरवर पहुंचकर पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित महिलाओं के अनुसार, 8 मार्च शनिवार को दोपहर के समय गांव में एक अज्ञात महिला आई। उसने ग्रामीण महिलाओं से कहा कि वह उनके आभूषणों को साफ कर चमका देगी। इससे पहले भी वह महिला गांव में आई थी और बर्तन साफ करके दे गई थी, जिससे ग्रामीणों को उस पर भरोसा हो गया।

सिद्धोबाई गुर्जर और कोमेश गुर्जर ने बताया कि इससे पहले एक दिन महिला गांव में आई थी, जो फूटे बर्तन ले गई थी और दोपहर बाद बदलकर नए बर्तन दे गई थी। उसके अगले दिन उसने चांदी के जेवरात लिए और दोपहर बाद उन्हें साफ करके लौटा दिया। कुछ महिलाओं को उसने पुरानी चांदी के बदले नए चांदी के आभूषण भी दिए। इस तरह महिला ने पहले से ही ग्रामीणों का विश्वास जीत लिया था।

इसके बाद शनिवार को वह महिला फिर आई और सभी महिलाओं से सोने के जेवरात सफाई कर चमकाने के नाम पर ले गई। लेकिन इस बार वह वापस नहीं लौटी। घटना के दौरान कान के बाले, मंगलसूत्र, पायल और अन्य सोने-चांदी के आभूषण ठग लिए गए। अज्ञात महिला की उम्र करीब 35 वर्ष, रंग सांवला, कद सामान्य (लगभग 5 फीट), पतला शरीर बताया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने उसका दो दिन तक इंतजार किया, लेकिन जब वह नहीं आई, तो सभी महिलाएं एकजुट होकर थाना नरवर पहुंचीं और शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने पुलिस से मांग की कि जल्द से जल्द महिला को पकड़ा जाए और उनके सोने के जेवरात वापस दिलाए जाएं।


क्या आप भी बनना चाहते हैं

जनता की आवाज ?

तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज

आपकी खबर आपकी ताकत!

जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें

9827068888, 8224951278


# खबर का बड़ा असर

## बठोली में सचिव पर कार्रवाई

### सीईओ ने गठित की जांच टीम

**ग्रामीणों ने लगाए थे सचिव पर वसूली के आरोप**

**दीपक तोमर खरगोन**

मण्डलेश्वर ।महेश्वर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बठोली के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव कालूसिंह पटेल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सचिव पर हर काम में पैसे मांगने और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीना चौहान ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने तुरंत जांच दल का गठन किया। जांच दल में पंचायत निरीक्षक रामलाल बरसाना और खण्ड समन्वयक यशदीप सेन को शामिल किया गया, जिन्होंने मंगलवार को ग्राम पंचायत बठोली में शिकायतकर्ता ग्रामीणों और पीड़ित विधवा महिला सलिता पति स्वर्गीय भागीरथ (उम्र 50 वर्ष) सहित अन्य ग्रामीणों के बयान दर्ज किए हैं। ग्रामीणों ने सचिव को तत्काल हटाने की मांग की है। साथ ही पंचायत में किए गए कार्यों की भी निष्पक्ष जांच की मांग की है।



बता दें कि शनिवार 8 मार्च को रात साढ़े नौ बजे बड़ी संख्या में महिलाओं सहित कई ग्रामीण विधायक राजकुमार मेव के आवास पर सचिव की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इस खबर को पब्लिक एशिया ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया था, जिस पर जनपद पंचायत महेश्वर सीईओ रीना चौहान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच दल मंगलवार को गठित कर ग्राम पंचायत बठोली भेजा था। सीईओ ने बताया कि सचिव पर आवास योजना में लापरवाही और लाभार्थियों से पैसे मांगने की शिकायतें मिली थीं। शिकायत की जांच करवाई जा रही है।


ग्रामीणों ने सचिव कालूसिंह पटेल पर कई आरोप लगाए। उन्होंने शिकायत में कहा कि सचिव प्रमाण पत्र, नामांतरण और बिजली बिल की फाइल जैसे कोई भी प्रमाण पत्र बगैर पैसे के कोई काम नहीं करते, हर काम के लिए पैसे की मांग करते हैं। वे नियमित रूप से पंचायत कार्यालय भी नहीं खोलते। इससे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी होती है।जांच दल के पंचायत निरीक्षक रामलाल बरसाना एवं खण्ड समन्वयक यशदीप सेन ने कहा कि हमारे द्वारा ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर जांच की गई है। ग्रामीणों के कथन के आधार पर प्रतिवेदन बनाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश्वर को सौंपा जाएगा, जिसके बाद वरिष्ठ कार्यालय भेजकर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**इनका कहना है:**

श्रीमती रीना चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत महेश्वरः "मुझे समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि बठोली पंचायत सचिव कालूसिंह पटेल द्वारा आवास योजना में राशि निकालने को लेकर पैसे की मांग की जा रही है, वहीं नियमित पंचायत नहीं खोलने से सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। मेरे द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जांच दल गठित कर दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद सचिव कालूसिंह पटेल के खिलाफ उचित कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रतिवेदन भेजकर कार्यवाही की जाएगी।



# भारत के इस रहस्यमय किले में छुपा है गहरा राज, रात में यहां जाना खतरे से खाली नहीं






**भारत में ऐसे कई रहस्यमय किले मौजूद हैं, जो बाहर से देखने पर तो काफी खूबसूरत लगते हैं, लेकिन वो अपने अंदर कुछ राज समेटे हुए हैं। एक ऐसा ही रहस्यमय किला है बुदेंलखंड प्रांत में, जिसे कालिंजर के किले के नाम से जाना जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि बुदेंलखंड प्रांत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों में बंटा हुआ है। इस प्रांत के अंदर आने वाले कुछ जिले उत्तर प्रदेश में पड़ते हैं तो कुछ मध्य प्रदेश में पड़ते हैं। वैसे कालिंजर यूपी के बांदा जिले में स्थित है।**

कालिंजर का किला भारत के सबसे विशाल और अपराजेय दुर्गों में गिना जाता रहा है। प्राचीन काल में यह दुर्ग जेजाकभुक्ति (जयशक्ति चन्देल) साम्राज्य के आधीन था। बाद में यह 10वीं शताब्दी तक चन्देल राजपूतों के आधीन और फिर रीवा के सोलंकियों के आधीन रहा। इन राजाओं के शासनकाल में कालिंजर पर महमूद गजनवी, कुतुबुद्दीन ऐबक, शेर शाह सूरी और हुमांयू जैसे योद्धाओं ने आक्रमण किए, लेकिन इस पर विजय पाने में असफल रहे। कालिंजर विजय अभियान में ही तोप का गोला लगने से शेरशाह की मृत्यु हो गई थी। बाद में मुगल बादशाह अकबर ने इस पर अधिकार कर लिया और किले बीरबल को तोहफे में दे दिया। इस किले में कई प्राचीन मंदिर भी हैं। इनमें से कई मंदिर तीसरी से पांचवीं सदी यानी गुप्तकाल के हैं। यहां के शिव मंदिर के बारे में मान्यता है कि सागर-मंथन से निकले विष को पीने के बाद भगवान शिव ने यहीं तपस्या कर उसकी ज्वाला शांत की थी। यहां स्थित नीलकंठ मंदिर को कालिंजर के प्रांगण में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और पूज्यनीय माना गया है। कहते हैं कि इसका निर्माण नागों ने कराया था। इस मंदिर का जिक्र पुराणों में भी है। इस मंदिर में एक शिवलिंग स्थापित है, जिसे बेहद प्राचीनतम माना गया है। नीलकंठ मंदिर के ऊपर ही जल का एक प्राकृतिक स्रोत है, जो कभी सूखता नहीं है। इसी जल से मंदिर में मौजूद शिवलिंग का अभिषेक निरंतर प्राकृतिक तरीके से होता रहता है। वैसे बुंदेलखंड का यह इलाका सूखे के कारण जाना जाता है, लेकिन यहां कितना भी सूखा पड़े, जल का यह स्रोत कभी नहीं सूखता है। कहते हैं कि कालिंजर के किले में कई रहस्यमयी छोटी-बड़ी गुफाएं भी मौजूद हैं। जमीन से 800 फीट की ऊंची पहाड़ी पर बना कालिंजर का यह किला जितना शांत है, उतना ही खौफनाक भी। कहते हैं कि रात होते ही यहां एक अजीब सी हलचल पैदा हो जाती है। लोगों का मानना है कि यहां मौजूद रानी महल से रात को अक्सर घुंघरुओं की आवाज सुनाई देती है। यही वजह है कि यहां दिन के समय तो लोग घूमने के लिए आते हैं, लेकिन रात होने से पहले ही वो यहां से निकल जाते हैं। इस किले में प्रवेश के लिए सात दरवाजे बने हुए हैं और ये सभी दरवाजे एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। यहां के स्तंभों और दीवारों में कई प्रतिलिपियां बनी हुई हैं। मान्यता है कि प्रतिलिपियों में यहां मौजूद खजाने का रहस्य छुपा हुआ है, जिसे अब तक कोई भी ढूंढ नहीं पाया है। इस किले में सीता सेज नामक एक छोटी सी गुफा है, जहां एक पत्थर का पलंग और तकिया रखा हुआ है। माना जाता है कि यह जगह माता सीता की विश्रामस्थली थी। यहीं एक कुंड भी है, जो सीताकुंड कहलाता है। किले में बुड्ढा और बुड्ढी नामक दो ताल हैं, जिसके जल को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। मान्यता है कि इनका जल चर्म रोगों के लिए लाभदायक है और इसमें स्नान करने से कुछ रोग भी ठीक हो जाता है।





## चीन में बना दुनिया का सबसे बड़ा स्टैंडिंग लैंटर्न

चीन में इस वक्त जोर-शोर से बसंतोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर के दौरान यहां के लुयोयांग में दुनिया का सबसे बड़ा स्टैंडिंग लैंटर्न यानी लालटेन बनाया गया है। यह लालटेन 147 फीट लंबा, 81 फीट ऊंचा और 64 फीट से ज्यादा चौड़ा है। इसका वजन करीब 4500 टन है। इस लैंटर्न को 200 से ज्यादा कलाकारों ने 17 दिनों की दिन-रात की मेहनत से तैयार किया है। इस लैंटर्न को सिटी ऑफ फ्लॉवर पीउनी की थीम पर बनाया गया है। इसमें 36 पंखुड़ियां और 6 परतें हैं। इस विशाल लालटेन को गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है। इस लैटर्न की ऊंचाई 100 लोगों के एक के ऊपर एक खड़े होने के बराबर है। लैंटर्न को 53 हजार लाइट सोर्स से जगमग किया गया है। इस लैटर्न की खास बात यह है कि यह पूरी तरह से हैंडमेड है।




## पेरू की झील में टोटोरा पौधों से बने हैं ये मानव निर्मित आइलैंड

पेरू और बोलिविया सीमा पर स्थित है टिटिकाका झील। यह दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील है। इस झील पर स्थानीय लोग आइलैंड बनाकर रहते हैं। स्थानीय उरोस लोग बांस की तरह के एक पौधे टोटोरा से इन आइलैंड्स को बनाते हैं। इस समय यहां करीब 120 मानव निर्मित आइलैंड हैं और इन पर 1300 लोग रह रहे हैं। इसी से लोग नावे भी बनाते हैं। लेकिन समय के साथ यहां रहने वालों के जीवन में भी बदलाव आया है। अब यहां तकनीक का प्रभाव देखने को मिलता है। लोगों के घर सोलर पैनल्स द्वारा पैदा की गई रोशनी से रोशन हो रहे हैं। दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी झील टिटिकाका में पानी में तैरती बस्तियां बसाई जा रही हैं। यह जगह समुद्रतल से 12,500 फीट ऊंचाई पर है। ये द्वीप इंसानों के बनाए हुए हैं और सभी तैरते हैं। द्वीपों की इन्हीं खासियत के कारण यहां की आबादी लगातार बढ़ रही है। पेरू और बोलीविया के लोगों ने झील में छोटे-छोटे नए आइलैंड बनाने शुरू कर दिए हैं।

### टोटोरा रीड्स के बने हैं आइलैंड

इन द्वीपों का बेस टोटोरा रीड्स की मोटी चादर पर बना है। इन पर घर भी हल्की लकड़ी और टोटोरा रीड्स के बने हैं। इसके चलते ये तैरते रहते हैं। टोटोरा रीड्स जलीय इलाकों में पाई जाने वाली लकड़ी होती है। कुछ मछुआरे इसकी नाव भी बनाते हैं।



# बचपन से ही मेरा एक ही सपना था कि मैं भारत के लिए खेलूं: ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था कि वे भारत के लिए खेलें, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था। हालांकि, पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें फेंचाइजी ने रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पंत ने जियो हॉटस्टार पर कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था।

मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है, लेकिन मेरा मानना ??है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं। पंत अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में



उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे। मैंने माही भाई (एमएस धोनी) के पुराने वीडियो देखे हैं, और उन्होंने भी लैप शॉट खेला है। लेकिन प्रतिशत के हिसाब से, मुझे लगता है कि वे इसे कम खेलते थे। अब खेल बदल रहा है - फील्ड प्लेसमेंट अलग हैं, और खिलाड़ी इसे अपना रहे हैं। कुछ को लग सकता है कि यह उनके खेल के लिए जरूरी है, जबकि अन्य को नहीं। दिन के अंत में, आप खेल को कैसे पढ़ते हैं, यह निर्धारित करता है कि आप इसे कैसे खेलते हैं। कई बार अपने बल्ले के हाथ से फिसलने के पीछे के कारण पर टिप्पणी करते हुए पंत ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा ज्यादातर इसलिए होता है क्योंकि मैं अपने निचले हाथ को बहुत हल्के से पकड़ता हूं। मैं मुख्य रूप से अपने निचले हाथ का इस्तेमाल सहारे के लिए करता हूं क्योंकि कई बार यह हावी होने लगता है। इसलिए, मैं अपने ऊपरी हाथ को मजबूती से पकड़ने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। लेकिन जब मैं ओवररीच करता हूं - खासकर जब गेंद बहुत चौड़ी या बहुत छोटी होती है - तो यह हमेशा आदर्श हिटिंग जोन में नहीं होता है। कभी-कभी, मैं जो शॉट लगाने की कोशिश करता हूं, उसकी सफलता दर केवल 30-40ब हो सकती है, लेकिन मैच की स्थिति के आधार पर, मैं यह जोखिम उठाने को तैयार हूं। यही मेरी मानसिकता है। जब मैं वह जोखिम लेता हूं और ओवररीच करता हूं, तो मुझे संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ करने की जरूरत होती है। कई बार, ऐसा लग सकता है कि मैं बल्ला फेंक रहा हूं, लेकिन वास्तव में, मैं बस उस डिलीवरी का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा होता हूं। अगर मेरा बल्ला फिसल जाता है, अगर यह मेरे हाथ में नहीं है, या यहां तक कि अगर यह मेरे सिर पर भी लग जाता है - तो उस समय मेरा एकमात्र ध्यान बाउंड्री ढूंढना होता है। यही मेरी सोच है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी रैंकिंग में भारतीयों को बंपर फायदा

## विराट-अय्यर चमके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने नई रैंकिंग जारी की है. फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर इतिहास रचा था. फाइनल में कप्तान रोहित ने 76 रनों की पारी खेली थी, लेकिन बल्लेबाजी रैंकिंग में उन्हें नुकसान हुआ है. दूसरी ओर विराट कोहली ने पूरे टूर्नामेंट में 218 रन बनाए, जिसका उन्हें फायदा मिला है. यहां जानिए चैंपियंस ट्रॉफी के बाद टीमों की रैंकिंग और बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी रैंकिंग में कितना बदलाव हुआ है?

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भी आईसीसी रैंकिंग में पहले स्थान पर थी. उसके अब भी 122 ही अंक हैं और टीम इंडिया ने पहले स्थान को बरकरार रखा है. वनडे टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के 110 अंक हैं, उससे भारत बहुत आगे है. वहीं पाकिस्तान अब भी तीसरे स्थान पर कायम है, जिसके 106 अंक हैं. चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका विराजमान हैं.



### टॉप-10 गेंदबाजों में सिर्फ एक भारतीय

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती ने घातक गेंदबाजी की और दोनों ने कुल मिलाकर 18 विकेट चटकाए. वनडे के टॉप-10 गेंदबाजों में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी मौजूद है. कुलदीप यादव को तीन स्थान का नुकसान हुआ है, जिससे वो छठे पायदान पर आ गए हैं. मोहम्मद शमी को तीन स्थान का फायदा हुआ और अब 11वें नंबर पर आ गए हैं. वरुण चक्रवर्ती ने सबसे लंबी छलांग लगाई है. वो 143 स्थान की छलांग लगाकर वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग के टॉप-100 में शामिल हो गए हैं.

### विराट-श्रेयस को फायदा, रोहित को नुकसान

वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा हुआ है. उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कुल 218 रन बनाए, जिससे वो अब एक स्थान के फायदे के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं. रोहित शर्मा को दो स्थान का नुकसान हुआ है और वो अब 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं. रोहित इस टूर्नामेंट में 180 रन ही बना पाए. अच्छी बात यह है कि शुभमन गिल अब भी आईसीसी में दुनिया के टॉप बल्लेबाज बने हुए हैं. श्रेयस अय्यर भी एक स्थान के फायदे के साथ अब 8वें नंबर पर आ गए हैं.

## आईसीसी ने दिया जवाब, क्यों चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद मंच पर नहीं था कोई पीसीबी अधिकारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी का समापन हो गया है. फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया और ट्रॉफी लेकर अपने वतन वापस भी लौट आई है. लेकिन फाइनल के बाद हुए पुरुस्कार वितरण समारोह को लेकर हंगामा अभी भी मचा हुआ है. दरअसल स्टेज पर पीसीबी का कोई अधिकारी नहीं दिखा था, इसको लेकर पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स और लोग सवाल उठा रहे थे. अब इस पर आईसीसी का जवाब आया है. टीम इंडिया के फाइनल मैच जीतने के आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह समेत 4 अधिकारी स्टेज पर मौजूद थे.

इसमें बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया के साथ न्यूजीलैंड निदेशक रॉजर ट्वोज उपस्थित थे. ऐसा देखने के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स और कुछ लोगों द्वारा सबसे पहले सवाल उठाया गया कि मेजबान होने के बाद भी उनके बोर्ड ( पीसीबी) का अधिकारी स्टेज पर मौजूद क्यों नहीं था. उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया. आईसीसी के स्पोकपर्सन ने जियो टीवी से बात करते हुए बताया कि आईसीसी ने पीसीबी चीफ मोहसिन नक़वी को अवार्ड वितरण समारोह के लिए मंच पर बुलाने का इंतजाम किया था.

● कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया नहीं

# कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ भारत लिखना चाहिए



**नोएडा (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- अपने देश को इंडिया नहीं, भारत कहना चाहिए। इसे ठीक करना पड़ेगा। देश को दो नामों से क्यों जाना जा रहा है। इसे ठीक करना ही पड़ेगा। भारत है, तो भारत ही कहो। दत्तात्रेय होसबाले नोएडा में सोमवार को विमर्श भारत का पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- क्या भारत एक जमीन का टुकड़ा है। या संविधान से चलने वाला केवल एक भारत। केवल ऐसा नहीं है, भारत एक जीवन दर्शन है, आध्यात्मिक प्रतिभूत है। विश्व को संदेश देने वाला विश्वगुरु है। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- पिछले दिनों सरकार ने जी-20 सम्मेलन में राष्ट्रपति आवास पर भोज के लिए निमंत्रण में रिपब्लिक ऑफ भारत लिखा गया। कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया यानी भारत का संविधान, भारत का रिजर्व बैंक।

**आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबाले बोले- देश को अब इंडिया नहीं, भारत कहो**

## ट्रंप ने हटाया हाथ तो घुटने पर आए जेलेंस्की

● पहली बार जंग रोकने को तैयार हुआ कीव, सऊदी से आएगी यूक्रेन में शांति!

**रियाद (एजेंसी)।** अमेरिकी के सैन्य सहायता रोकने के बाद रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन घुटने टेकता नजर आ रहा है। मंगलवार को अमेरिकी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के बीच सऊदी अरब में बैठक होने जा रही है, जिसमें कीव सीमित युद्धविराम का प्रस्ताव रख सकता है। समाचार एजेंसी एपी ने एक यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया है कि सऊदी अरब में मौजूद यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल लंबी दूरी के मिसाइल हमलों को रोकने के साथ कैदियों की रिहाई और काला सागर के क्षेत्र में युद्ध विराम का प्रस्ताव देने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने आगे बताया कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल कीव के दुर्लभ पृथ्वी खनिजों तक पहुंच के लिए अमेरिकी राजनयिकों के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए भी तैयार है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो वार्ता में शामिल होने के लिए सऊदी अरब की राजधानी जेद्दा पहुंच गए हैं।



# एमपी में एक लाख क्विंटल से अधिक धान 'लापता'

● मैहर जिले में भी चार हजार क्विंटल धान गायब, तीन अधिकारियों पर केस दर्ज

**भोपाल।** मैहर जिले में एक करोड़ रुपए का 4,200 क्विंटल धान गायब हो गया है। एमपी सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों की शिकायत पर सेवा सहकारी समिति, जरोहा, मानिकवार के तीन पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

यह सहकारी समिति रामनगर थाना क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र भी थी। इस मामले में धान की हेराफेरी का आरोप है। मामले की जांच चल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। मध्य प्रदेश के 10 जिलों से एमएसपी पर खरीदा गया 1 लाख क्विंटल से ज्यादा धान 'लापता' है। मैहर जिले के रामनगर पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, एमपी सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, सतना के मैनेजर पंकज बोर्से ने सहकारी समिति के मैनेजर दीपेंद्र सिंह, खरीद प्रभारी संजीव तिवारी और ऑपरेटर अनिल कुमार दहायत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप है कि 4,203.6 क्विंटल धान, जिसकी कीमत 96,68,280 रुपये से अधिक है, गायब है। आरोप है कि इन आरोपियों ने धान की हेराफेरी की है। एफआईआर के मुताबिक, धान की खरीद प्रक्रिया 23 जनवरी को पूरी हो गई थी लेकिन सहकारी समिति में अभी भी बड़ी मात्रा में धान पड़ा हुआ दिखाई दे रहा था। इसके बाद 17 फरवरी को समिति में धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने का आदेश दिया गया।



## राज्यसभा में खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर जमकर हंगामा

● डिप्टी चेयरमैन ने बोलने से रोका तो कहा- क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमेन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा- ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं। अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने उनके बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने बोला कि हम सरकार की नीतियों को ठोकेंगे की बात कर रहे हैं।



# मंत्रियों के बंगलों-सरकारी आवास के लिए 205 करोड़ तय

● 19206 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश, गेहूं खरीदी के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान

**भोपाल।** विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए गए 19206 करोड़ 79 लाख 529 रुपए के दूसरे अनुपूरक बजट में मंत्रियों के बंगलों की सजावट का सरकार ने विशेष ध्यान रखा है। इस अनुपूरक बजट में शासकीय आवासों की मरम्मत के लिए 205 करोड़ रुपए बजट में तय किए गए हैं। मंत्रियों के आवासों की सजावट पर 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा सिंचाई परियोजनाओं के लिए एक हजार करोड़ और गेहूं खरीदी के लिए 2 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है।

योजना आर्थिक और सांख्यिकी विभाग द्वारा स्टेट सपोर्ट मिशन के लिए बजट में राशि तय की गई है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, नहरों के निर्माण और मरम्मत के लिए दूसरे अनुपूरक बजट में एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

किस योजना के लिए कितने बजट का प्रावधानः औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन योजना के लिए 726 करोड़ रुपए। अटल गृह ज्योति योजना के लिए 622.4484 करोड़ रुपए। खाद्य विभाग के उपार्जन के लिए 2000 करोड़ रुपए। एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संवर्धन के लिए 1075.80 करोड़ रुपए। वन विभाग के वानिकी और वन्य जीव के विकास के लिए 293 करोड़ रुपए। वन्य जीव पर्यावास का समन्वय व विकास के लिए 35.72 करोड़ रुपए।



- **मंत्री बंगलों-सरकारी आवासों के लिए इतना प्रावधान**-मंत्रियों के बंगलों की साज सज्जा-रखरखाव के लिए पांच करोड़ रुपए। एच टाइप उच्च श्रेणी आवास, गैर आवासीय भवनों की मरम्मत के लिए 50 करोड़। अन्य कैटेगरी के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान। विशेष मरम्मत के लिए 25 करोड़ रुपए अलग से मांगे गए हैं। विश्राम भवन, गृह निर्माण अंतर्गत सात करोड़, शासकीय आवास गृहों के निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- **बिजली कंपनियों को अलग-अलग मद में इतना भुगतान**-अटल कृषि ज्योति योजना में सब्सिडी के रूप में कंपनियों को भुगतान के लिए 1991.7824 करोड़ रुपए की पूर्ति तय की है। टैरिफ मद अनुदान के लिए 131.5435 करोड़। अटल गृह ज्योति योजना (अनुसूचित जाति सब स्कीम) के लिए 234.6936 करोड़। एससी वर्ग को निशुल्क 5 हार्स पावर कृषि पंप, थ्रेसर, एक बत्ती कनेक्शन की प्रतिपूर्ति के लिए 386.0827 करोड़ रुपए। अनुसूचित जनजाति उप योजना में टैरिफ अनुदान के लिए 49.5984 करोड़ रुपए।

# देवास में भारत की जीत का जश्न मनाने वालों को तालिबानी सजा...

**सिर मुंडवाकर निकाला जुलूस, MLA ने कहा- पुलिस ने ऐसा क्यों किया**

**संजय शर्मा, देवास**

चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में भारतीय टीम की जीत की खुशी में एबी रोड सयाजी गेट पर बड़ी संख्या में लोगों ने जश्न मनाकर आतिशबाजी की थी। जुलूस निकाला और पटाखे फोड़े। कोतवाली टीआइ अजय गुर्जर से अभद्रता की गई। इस मामले में अगले दिन पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उनका मुंडन करवाकर जुलूस निकाला गया। इससे पुलिस सवालों में घिर गई। अब पूरे घटनाक्रम को लेकर एसपी पुनीत गेहलोद ने जांच के आदेश दिए हैं। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया जांच कर सात दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

## विधायक ने पुलिस को कठघरे में किया खड़ा

इस मामले में मंगलवार सुबह विधायक गायत्रीराजे पवार भी एसपी ऑफिस पहुंचीं। एसपी से चर्चा कर उन्होंने घटना की जानकारी ली। विधायक ने युवकों का मुंडन कर जुलूस निकालने के मामले को गलत बताया। विधायक ने कहा कि युवकों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड या ऐसी पृष्ठभूमि नहीं है। पूरे मामले की हर पहलू पर जांच होनी चाहिए। पुलिस भी सुरक्षा के लिए ही है। वह भी अपना काम कर रही है, लेकिन निर्दोषों को सजा नहीं मिलनी चाहिए।



## एडिशनल एसपी को सौंपी गई जांच

एसपी के अनुसार विधायक ने घटनाक्रम की जानकारी ली। टीआई से अभद्रता, व्यापारी की पिटाई, पुलिस पर लगे आरोप जैसे सभी बिंदुओं पर एडिशनल एसपी को जांच सौंपी हैं। आतिशबाजी में घायल युवक की रिपोर्ट पर ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। दो सौ लोगों को आरोपी बनाने की खबर झूठी है।